
परिशिष्ट(Annexure)-I


## विस्तृत निर्देश (आवेदन के लिए)

शिक्षा पाओ-ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता: **2025-26** के ऑनलाइन आवेदन के लिए टीम की ऑफिशियल वेबसाइट http://www.sbgbteam.comपर जाकर SPGBP 2025-26 के नोटिफिकेशन एवं परिशिष्टों **(Annexures)** को डाउनलोड करके ध्यानपूर्वक पढ़ें और **Click for Registration** पर जाकर रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करें|

**Step-1**




**Step-2**



**सामान्य निर्देश-**

1. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व प्रतियोगिता के विस्तृत विज्ञापन (Detailed Notification) एवं संलग्न परिशिष्टों (Annexures) को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
2. आवेदन में नाम, पिता का नाम और माता का नाम आदि की प्रविष्टियां पूर्व कक्षा की अंकतालिका या सरकार द्वारा जारी दस्तावेज आधार कार्ड आदि के अनुसार भरें।
3. आवेदन में सभी प्रविष्टियां अंग्रेज़ी (Capital Letters) में भरें।
4. आवेदन करते समय उसी सर्किल का चयन करें, जिसमें आवेदक या तो अध्ययनरत हो या उस सर्किल का मूलनिवासी हो।
5. कक्षावार परीक्षा की योजना व पाठ्यक्रम (Syllabus) के लिए विस्तृत विज्ञापन (Detailed Notification) देखें।
6. आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

**विशेष निर्देश-**

1. परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 प्रतिशत रहेंगे।
2. परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदकों को कक्षा-वार पुरस्कार वितरण समारोह हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। सर्किल स्तर पर, कक्षा 8वीं से 10वीं तक प्रत्येक कक्षा से शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को, जबकि कक्षा 11वीं और 12वीं के संयुक्त रुप से शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को SBGBT द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।
3. सभी 30 सर्किलों हेतु, संपूर्ण स्तर (Overall Level) पर प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों की एक समग्र वरीयता सूची तैयार की जाएगी। इसके अंतर्गत कक्षा 8वीं से 10वीं तक प्रत्येक कक्षा के शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 11वीं और 12वीं से संयुक्त रुप से शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को SBGBT द्वारा विशेष एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।


☐ मैंने उपरोक्त नियमों व शर्तों को गहनता से पढ़ और समझ लिया है। मैं इन सभी नियमों व शर्तों को स्वीकार करता / करती हूँ ।

Next

- ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व Application Page पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- आवेदन में सभी प्रविष्टियां अंग्रेज़ी (Capital Letters) में भरें।
- तारांकित (*) प्रविष्टियाँ अनिवार्य रूप से भरनी हैं|
- आवेदन करते समय उसी सर्किल का चयन करें, जिसमें आवेदक या तो अध्ययनरत हो या उस सर्किल का मूलनिवासी हो।
- आवेदन में नाम, पिता का नाम और माता का नाम आदि की प्रविष्टियां पूर्व कक्षा की अंकतालिका या सरकार द्वारा जारी दस्तावेज आधार कार्ड आदि के अनुसार भरें।
- सम्बंधित श्रेणी (Category) का चयन करें।
- कक्षानुसार प्रतियोगिता के स्तर (Select Level) का चयन करें। कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी "विद्यालय स्तर प्रतियोगिता (कक्षा-8 to10)"तथा कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (कक्षा - 11, 12)" का चयन करें।
- आवेदक उसी कक्षा का चयन करे जिसमें वह सत्र 2025-26 में अध्ययनरत है। ग़लत कक्षा चयन करने की स्थिति में विद्यार्थी की पात्रता प्रतियोगिता के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है।

- विद्यालय का पूरा नाम लिखें।
- आवेदक 12 अंकों का अपना आधार नंबर दर्ज करें।
- अभिभावक का सही एवं सक्रिय मोबाईल नंबर दर्ज करें।
- परिवार का वैकल्पिक मोबाईल नंबर दर्ज करें। (यदि उपलब्ध हो)
- अभिभावक की मेल आईडी दर्ज करें। (यदि उपलब्ध हो)
- स्थायी पता भरते समय गांव का सही नाम एवं जिले का नाम लिखें। पोस्ट और तहसील आदि लिखने की आवश्यकता नहीं है।
- विद्यार्थी फ़ोटो अपलोड करने के लिए परिशिष्ट **(Annexure-II)** देखें। फ़ोटो **jpg, jpeg, png, svg** फॉर्मेट में **50KB** से अधिक न हो।
- घोषणा (Declaration) के चेक बॉक्स पर क्लिक करें।
- शुल्क भुगतान पेज पर जाने के लिए Next पर क्लिक करें|
- Next पर क्लिक करने के बाद आवेदन स्वत: ही शुल्क भुगतान के लिए Payment Gateway पर Redirect कर दिया जाएगा।

## Step-3




- शुल्क का भुगतान Payment Gateway के माध्यम से किसी भी UPI ऐप, नेट बैंकिंग या Visa, Mastercard, Maestro, RuPay क्रेडिट या डेबिट कार्ड से किया जा सकता है।
- सफलतापूर्वक शुल्क भुगतान और आवेदन पत्र जमा होने पर Registration Number जारी किया जाएगा।Registration Number को भविष्य के संदर्भ के लिए सहेज कर रखें।
- View & Print Registration Form पर क्लिक करके अपना Registration Form डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं|

---------------------